संख्या–cm-93
17/02/2019

पूर्णिया अभियंत्रण महाविद्यालय के नये भवन का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

पटना, 17 फरवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पूर्णिया में पूर्णिया अभियंत्रण महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन सहित पूर्णिया को 664 करोड़ रुपए लागत वाली 49 योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने रिमोट बटन दबाकर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के 36, पथ निर्माण विभाग की 13 योजनाओं का भी शिलान्यास किया, जिसमें धमदाहा से बीकोठी होते हुए बिहारीगंज, फलका चौक से करमनचक, रुपौली से मोहनपुर होते हुए विजय घाट जाने वाली सड़क शामिल है।

समारोह को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्णिया इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन का उद्घाटन में पॉलिटेक्निक की परीक्षा के कारण से विलंब हो गया था। इसके अलावा मेरे द्वारा काफी पहले ही पूर्णिया में मदरसा बोर्ड की रीजनल सेंटर की घोषणा की गई थी, जिसका भी आज उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले पूर्णिया हर मामले में पिछड़ा हुआ था, यहां स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा के साथ–साथ सड़कों की हालत बेहद खराब थी। आज स्थिति बदल गयी है। आज ही बरौनी में प्रधानमंत्री के द्वारा पूर्णिया में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया गया है। कुछ दिनों पहले ही पूर्णिया में विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। पूर्णिया इंजीनयरिंग कॉलेज अब अपने भवन में चलेगा। बिहार के प्रत्येक जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज की सुविधा उपलब्ध हो जाने के बाद यहां के युवाओं को इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार हर क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रही है। सात निश्चय योजना के तहत चाहे युवा हो या महिलाएं, हर वर्ग के लिए काम किया जा रहा है। लोगों तक स्वच्छ पानी के लिए हर घर नल योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। हर घर शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। शुद्ध पेयजल योजना के तहत आज 449 वार्डों में योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य न्याय के साथ विकास है। न्याय के साथ विकास के राह पर चलते हुये हर तबके का विकास हमारा लक्ष्य है। हर क्षेत्र के विकास के लिये काम किया जा रहा है। हर घर तक पक्की गली–नाली, हर घर नल का जल, हर घर बिजली, शौचालय निर्माण आदि का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने तय किया था कि 2018 के अंत तक हर इच्छुक व्यक्ति को बिजली का कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जायेगा। 25 अक्टूबर 2018 तक हर इच्छुक व्यक्ति तक बिजली सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। अब भूतों का डर दिखाकर बच्चों को घर में नहीं रखा जायेगा। लालटेन और ढिबड़ी के युग में जीने वाले बिहार में हर इक्छुक लोगों के घर बिजली से जगमगा रहे हैं। हमने समय से पहले अपने लक्ष्य को पूरा कर लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 अगस्त से पूरे राज्य में मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू हो जाएगी। इसके तहत सरकारी सेवा के तहत पेंशन पाने वाले लोगों को छोड़कर बाकी सभी 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। यह पेंशन उन्हें 1 अप्रैल 2018 समयावधि से दी जाएगी। मुख्यमंत्री परिवहन योजना के माध्यम से प्रत्येक पंचायत के 5–5 लोगों को सरकार अनुदानित मूल्य पर गाड़ी उपलब्ध करा रही है। उन्होंने

कहा कि सरकार सामाजिक कुरीतियों को भी दूर करने के लिए लगातार काम कर रही है। चाहे शराबबंदी हो या बाल विवाह और दहेज प्रथा हो, सभी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सरकार का एकमात्र उद्देश्य न्याय के साथ सबका विकास है। हम विकास के काम से पीछे हटने वाले नहीं है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि लड़का हो या लड़की, सभी को पढ़ायें, तभी बिहार आगे बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। आज बिहार का विकास दर 11.2 प्रतिशत है जो देश के सभी राज्यों की औसत दर 7 प्रतिशत से ज्यादा है। चुनाव के समय में ही हमने बिहार की जनता से वादा किया था कि प्रत्येक जिला में इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण किया जाएगा। अपने वादे के हिसाब से हम काम कर रहे हैं। आज 19 जिलों में इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण कार्य हो चुका है, शेष जगहों के लिए जमीन चिन्हित कर आगे की प्रक्रिया जारी है। बिहार को ज्ञान की भूमि बताते हुए उन्होंने कहा कि बिहार आज शिक्षा की दिशा में काफी आगे बढ़ रहा है। पुलवामा में हुई आतंकवादी घटना को पीड़ादायक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश शहीदों के परिजनों के साथ है। आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। इस दुखद घटना में बिहार के दो सपूत भी शहीद हुए हैं, हम सब की संवेदना उनके परिजनों के साथ है।

इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री जयकुमार सिंह, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, सांसद श्री संतोष कुशवाहा, विधायक श्रीमती लेशी सिंह, विधायक श्रीमती बीमा भारती, विधायक श्री विजय खेमका, मेयर श्रीमती सविता देवी, डिप्टी मेयर श्रीमती विभा कुमारी, अपर मुख्य सचिव शिक्षा श्री आर0के0 महाजन, प्रधान सचिव विज्ञान एवं प्रावैधिकी श्रीमती हरजोत कौर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, प्रमंडलीय आयुक्त सफीना ए0एन0, जिलाधिकारी श्री प्रदीप कुमार झा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******